रूठी हुई गोरा को मनाऊ कैसे

रूठी हुई गोरा को मनाऊ कैसे,
ईसर जी संग ब्याह रचाऊ कैसे.....

गोरा को मनाऊंगी टीका पहनाके,
गोरा को मनाऊंगी नथनी पहनाके,
टीका मँगाऊँगी ईसर से,
मांग भराउँगी इसर से,
ईसर संग ब्याह रचाऊ ऐसे....

गोरा को मनाऊंगी हरवा पहनाके,
गोरा को मनाऊंगी चुड़ा पहनाके,
मेहँदी मँगाऊँगी ईसर से,
अंगूठी मँगाऊँगी ईसर से,
हाँ ईसर संग ब्याह रचाऊ ऐसे....

गोरा को मनाऊंगी तगड़ी पहनाके,
गोरा को मनाऊंगी पायल पहनाके,
गोरा को मनाऊंगी बिछवा पहनाके,
महावर मँगाऊँगी ईसर से,
हाँ ईसर संग ब्याह रचाऊ ऐसे....

गोरा को मनाऊंगी लेहंगा पहनाके,
गोरा को मनाऊंगी अंगिया पहनाके,
चूनर मँगाऊँगी ईसर से,
हाँ ईसर संग ब्याह रचाऊ ऐसे....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27253/title/roothi-huyi-gaura-ko-manau-kaise

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |